फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 40/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 23.09.2021

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः सू0अ0/2021/584 दिनांक 14.09.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी बिन्दुवार सूचना के संबंध में अपीलार्थी कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपस्थित होकर वांछित सूचना के दस्तावेजों का निरीक्षण करके दस्तावेज प्राप्त कियें एवं अपिलार्थी ने आवेदन पत्र पर प्रकरण निस्तारण करने की प्रार्थना की जो इस कार्यालय द्वारा निस्तारित कर दिया गया हैं।

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द कि रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दुवार सूचना के संबंध में अपीलार्थी द्वारा कार्यालय में निरीक्षण व दस्तावेज प्राप्त किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती हैं। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)